जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025

सार-समाचार

ग्राम तबीजी में स्वच्छता रैली का हुआ आयोजन

अजमेर, (कासं)। केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना कार्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कार्यालय केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना अजमेर द्वारा ग्राम तबीजी में स्वच्छता रथ के माध्यम से एक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से कार्यालय प्रमुख बलबीर गैना द्वारा समस्त ठाम वासियों को भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के विषय में जानकारी देते हुए स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता के माध्यम से भारत को विकसित बनाने का प्रण लिया। रैली में जन-मानस भी बढ़-चढ़ कर सम्मिलित हुए। रैली में लगभग 24 लोग सम्मिलित रहे। इसमे नरेंद्र टाक, रामदेव, खुशहाल जाट, मनीष एवं आशीष टाक ने विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाई।

शुभदा स्पेशल वर्ल्ड में प्री-क्रिसमस पार्टी का आयोजन

अजमेर, (कासं)। कोटड़ा स्थित शुभदा स्पेशल वर्ल्ड में विशेष बच्चों द्वारा प्री-क्रिसमस सेलिब्रेशन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अध्यापकों के साथ मिलकर गिफ्ट, फेयरी बेल एवं स्टार से सजावट करते हुए क्रिसमस ट्री और स्नोमैन को आकर्षक रूप दिया। बच्चों ने सांता की पोशाक पहनकर क्रिसमस गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम में सेंट एंसलब स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं इंचार्ज साक्षी, अजिम व जयसन शामिल हुए। छात्रों ने केरल ग्रुप सॉन्ग की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आर्यन कॉलेज के छात्र-छात्राओं, सांता बने कृष्णा व भव्या, प्रिंसिपल रेनुका तिवारी, अध्यक्ष पार्थ पुरोहित, अध्यापिका संजू, समाजसेवी रेखा शर्मा एवं व्यवसायी केदार शर्मा ने बच्चों के साथ मिलकर बलून डांस किया और क्रिसमस केक काटा। कार्यक्रम में सोफिया गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं अचिता, हरप्रीत सहित अन्य ने भी सहभागिता निभाई। म्यूजिकल चेयर, म्यूजिकल ग्लास, रिंग गेम जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ऊषा कच्छावा, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, अजमेर होनिस्टी संस्था की अध्यक्ष सुनीता चौहान, सचिव प्रणेश कुमार, लायंस क्लब से प्रियंका बंसल, रीमा जैन, अनुष्का माहेश्वरी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरूवार को अजमेर में

अजमेर,(कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का गुरूवार को अजमेर आने का कार्यक्रम है। बागडे सुबह 10.45 बजे महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद वे श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जाएंगे। इसके बाद वे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मनरेगा की आत्मा को खत्म कर रही केंद्र की भाजपा सरकार: डोटासरा

- सड़क से सदन तक जारी रहेगा संघर्षः राठौड़
- शहर जिला कांग्रेस एवं देहात जिला कांग्रेस के संयुक्त आव्हान पर आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

अजमेर, (कासं)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को कमजोर करने और इसके मूल स्वरूप में बदलाव के विरोध में सोमवार को अजमेर कांग्रेस ने जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाग लिया।

डोटासरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी का नाम हटाकर मनरेगा की पहचान और आत्मा को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के कानूनी अधिकार को योजना में बदलकर गरीबों से उनका हक छीना जा रहा है।

शहर जिला कांग्रेस एवं देहात जिला कांग्रेस के संयुक्त आव्हान पर आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। डोटासरा ने कहा कि पहले ग्राम सभा और जिला परिषद स्तर पर कार्य तय होते थे, लेकिन अब ऊपर से नियंत्रण थोपकर अधिकारों को सीमित किया जा रहा है, जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाला जा रहा है।

उन्होंने घोषणा की कि इस मुद्दे पर आंदोलन की शुरुआत अजमेर से की गई है, जिसे प्रदेश, बूथ और मंडल स्तर तक ले जाया जाएगा। कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि ग्रामीण रोजगार को खत्म करने की कोशिश के खिलाफ अजमेर से पूरे प्रदेश में हुंकार भरी जा रही है। देहात कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक विकास चौधरी ने कहा कि भाजपा राम के नाम पर राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस गरीबों के हक की लड़ाई लड़ रही है। पूर्व विधायक रघु शर्मा ने कहा कि अजमेर जिले से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और कांग्रेस संगठन को मजबूत कर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन सैयद फकरे मोईन व विवेक पाराशर ने किया कांग्रेस द्वारा आयोजित विशाल धरने में महेंद्र चौधरी, नसीम अख्तर, पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती, महेन्द्र गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, नाथूराम सिनोदीया, रामचन्द्र चौधरी, कमल बाकोलिया, शिवप्रकाश गुर्जर, प्रदेश सचिव सुनिल लारा, वाजिद चीता, शैलेन्द्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, चन्दन सिह, लक्ष्मी धोलखेडीया, शहर कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष विजय जैन, भूपेन्द्र राठौड, नौरत गुर्जर, देशराज मेहरा, जयशंकर चौधरी, मोहित मल्होत्रा, अंकित घारु, सौरभ यादव, इंसाफ अली, मंजू बलाई, लक्ष्मी बुंदेल, अनुपम शर्मा, गुलाम मुस्तफा, श्याम प्रजापति, विजय नागौर, दिनेश शर्मा, विपिन बैसील, शैलेश गुप्ता,कमल वर्मा, महेन्द्र तंवर, सौरभ बजाड, देवेंद्र चौधरी, अशोक बिंदल, अभिनव पांडे, अरशद खान, शक्तिप्रताप सिंह, गजेन्द्र सिंह रलावता, सुनिल धानका, नरेश सारवान, मनोज खंडेलवाल, हामिद चीता, चनद्रशेखर बालोटीया, डॉ ईश्वर राजोरीया, वसीम खान,ईश्वर राजोरिया,चंद्रेश सुनिया आदि उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है : बिशप स्वामी

- अद्वैत सेंटर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल द्वारा संचालित अद्वैत सेंटर में सोमवार को क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अजमेर धर्म प्रांत से पधारे फादर जॉन कार्वाल्हो बिशप स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक से नेहा एवं मिताली पारश्वानी, जुविता फिटनेस केयर से डॉ. किया गिदवानी, राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के निदेशक राकेश कुमार कौशिक, मीनू स्कूल के प्रधानाध्यापक ईश्वर शर्मा, अद्वैत सेंटर का समस्त स्टाफ तथा सागर कॉलेज के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अद्वैत सेंटर के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।

मुख्य अतिथि फादर जॉन कार्वाल्हो ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और असली ईश्वर इन्हीं बच्चों में निवास करता है। समाज को आगे आकर इनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक ने कहा कि अद्वैत सेंटर दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार की थेरेपी, विशेष शिक्षण एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेरूनिशा, डॉ. समीक्षा, दीपली, संतोष सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

अजमेर, (कासं)। प्रगतिशील राजपूत सभा अजमेर की बैठक चामुंडा माता मंदिर परिसर, पुलिस चौकी के सामने आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने की। बैठक में अध्यक्ष चौहान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन अवकाश के दौरान 29 एवं 30 दिसम्बर 2025 को जीएलओ खेल मैदान अजमेर में क्रिकेट प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

26 दिसंबर को प्रदेश भर में मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

अजमेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 26 दिसंबर को प्रदेश भर में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि प्रदेश स्तर के कार्यक्रम के तहत अजमेर जिले में भी आगामी 26 तारीख को किया जाएगा। संगोष्ठी का आयोजन और चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों से आव्हान किया है की सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में गौरव गाथा एवं जन जागरण के लिए 26 दिसंबर के दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में प्रत्येक वर्ष व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा यह दिवस देश भर में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत और उनकी वीरता को नमन करने हेतू समर्पित है कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन और समन्वय के लिए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार एक उच्च स्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया है।

विधायक कोठारी की प्रेरणा से नेत्रदान

भीलवाड़ा(निसं)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी की प्रेरणा पर ''नर सेवा ही नारायण सेवा है'' के ध्येय को चरितार्थ करते हुए, भीलवाड़ा के दुबे परिवार ने शोक और दुःख की अत्यंत कठिन घड़ी मे मरणोपरांत नेत्रदान का परोपकारी निर्णय लिया है। संचेती कॉलोनी निवासी मंजू देवी के परिवार ने उनकी स्मृति को अमर बनाने और नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में उजाला भरने के उद्देश्य से नेत्रदान करने का निर्णय लिया। विधायक अशोक कोठारी की निरंतर प्रेरणा और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनके प्रयासों के फलस्वरूप भीलवाड़ा में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

सरवाड़ में शहरी समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

सरवाड़ (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदत दिशा निर्देशों की अनुपालना में नगर पालिका परिसर में 16 से 24 तक शहरी समस्या समाधान शिविर का आयोजित हो रहा है वहीं सोमवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में वार्ड संख्या 17 से 20 तक का शिविर का आयोजन किया गया वहीं शिविर के दौरान नगर पालिका के वार्ड संख्या 17 से 20 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया एवं रोड़ लाईट सम्बन्धित नों परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया वहीं शिविर दो महिलाओं को पूरक पोषाहार के किट वितरण किये गये इस दौरान सोमवार को शिविर में विकसित राजस्थान रथ का आगमन हुआ जिसमें राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी की जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

रथ में उपलब्ध सुझाव पेटिका में आम नागरिकों ने राज्य सरकार को सुझाव भी प्रेषित किये। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता मनीष कुमार बासनीवाल, भागचन्द खटीक, अर्जुन सिंह राठौड़, सहित अन्य उपस्थित रहें।